nt>

Title: Need to lay rail line between Deodhar and Rajmahal *via* Godda in Jharkhand. -Laid

**श्री प्रदीप यादव (गोड्डा) :** अध्यक्ष महोदय, झारखण्ड राज्य का गोड्डा जिला कोयला उत्पादन एवं भंडारण के क्षेत्र में देश के सर्वोच्च स्थान पर है, फिर भी इस क्षेत्र में अब तक परिवहन मार्ग, रेलमार्ग या वायुयान मार्ग की सुविधा उपलब्ध नहीं है। इससे इस क्षेत्र के नागरिकों को आवागमन में काफी कठिनाई है और विकास बहुत कम हुआ है।

अतएव इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एवं नागरिकों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि देवधर से राजमहल वाया गौड्डा होते हुए रेल लाइन बिछाया जाये।